न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी कपासन
जिला चित्तौडगढ
पीठासीन अधिकारी राजेश सुवालका (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या / 31 / 2024 दायर दिनांक 05.03.2024

उनवान

1. डिम्पल कुमारी खटीक पिता प्रकाश चन्द्र जाति खटीक उम्र वयस्क निवासी रोलिया हालमुकाम कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।

——प्रार्थी।

बनाम

1. भूमिधारी तहसीलदार कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
2. पटवारी पटवार हल्का उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।

अप्रार्थी।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट

निर्णय दिनांक 19.11.2024

—:निर्णयः—

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट के इस आशय का प्रस्तुत किया कि ग्राम उचनारखुर्द पटवार हल्का उचनारखुर्द भु.अभि.नि. हथियाना तहसील कपासन में मुझ प्रार्थीया नाम की खातेदारी कब्जे काश्त की आराजीयात स्थित है जिसके हाल जमाबंदी संवत 2074—2077 के खाता संख्या 220 होकर आराजी संख्या 946 रकबा 0.25 हैक्टर, आराजी संख्या 947 रकबा 0.26 हैक्टर, आराजी संख्या 948 रकबा 0.77 हैक्टर आराजी संख्या 949 रकबा 0.03 हैक्टर, आराजी संख्या 950 रकबा 1.10 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 2.41 हैक्टर स्थित है जिसमें मुझ प्रार्थीया का 1 / 20 हक हिस्सा निहित होकर ग्राम उचनारखुर्द पटवार हल्का उचनारखुर्द भु.अभि.निरिक्षक हथियाना तहसील कपासन के हल्के बेरुनी में स्थित है। वजह सबुत हाल जमाबंदी की प्रमाणित प्रति साथ संलग्न है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

यह कि उक्त आराजीयात का जमाबन्दी आराजीयात राजस्व ग्राम उचनारखुर्द तहसील कपासन के हल्के बेरुनी में स्थित होकर उक्त आराजीयात में मुझ प्रार्थीया का नाम डिम्पल कुमारी खटीक पिता प्रकाश चन्द्र खटीक के स्थान पर नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाश चन्द्र संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक सा. रोलिया दर्ज हो गया है जो राजस्व कर्मचारीयों की भुल व त्रुटीवश मुझ प्रार्थीया का नाम डिम्पल कुमारी खटीक पुत्री प्रकाश चन्द्र खटीक निवासी रोलिया के स्थान पर नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाश चन्द्र संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक सा. रोलिया अंकित हो गया था त्रुटिवश अंकित नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाश चन्द्र संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक सा. रोलिया को शुद्ध कराया जाकर डिम्पल कुमारी खटीक पुत्री प्रकाश चन्द्र जाति खटीक अंकित करवाया जाना आवश्यक एवं न्यायोचित है।

यह कि प्रार्थना पत्र कि कॉलम संख्या 1 में वर्णित आराजीयात में मुझ प्रार्थीया का नाम राजस्व कर्मचारीयों की त्रुटीवश डिम्पल कुमारी खटीक पुत्री प्रकाश चन्द्र खटीक निवासी रोलिया के स्थान पर नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाश चन्द्र संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक सा. रोलिया अंकित कर दिया गया है जो गलत है। अतः मुझ प्रार्थीया का नाम डिम्पल कुमारी खटीक पुत्री प्रकाश चन्द्र खटीक दर्ज किया जाना आवश्यक है वजह सबुत मुझ प्रार्थीया का आधार कार्ड, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा की अंकतालिका की फोटो प्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है।

यह कि मुझ प्रार्थीया के द्वारा हाल जमाबन्दी दिनांक 15/01/2024 को प्राप्त करने से जानकारी होने के पश्चात पटवार हल्का उचनारखुर्द में शुद्धि बाबत् मौखिक बोलने पर पटवार हल्का द्वारा शुद्धि हेतु वाद पत्र प्रस्तुत का बोला जाने के कारण बिनाय वाद कारण पैदा होकर निरन्तर जारी है।

अतः श्रीमान से प्रार्थना है कि प्रार्थना पत्र कि कॉलम संख्या 1 में वर्णित आराजीयात में मुझ प्रार्थीया का नाम राजस्व कर्मचारीयों की त्रुटीवश डिम्पल कुमारी खटीक पुत्री प्रकाश चन्द्र खटीक निवासी रोलिया के स्थान पर नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाश चन्द्र संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक सा. रोलिया अंकित हो गया था त्रुटिवश अंकित नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाश चन्द्र संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक सा. रोलिया अंकित कर दिया गया है जो गलत है। अतः मुझ प्रार्थी का नाम डिम्पल कुमारी खटीक पुत्री प्रकाश चन्द्र खटीक किये जाने का आदेश फरमावें।

हमनें प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी पेरोकार सरकार को जरिये सम्मन तलब किया। अप्रार्थीगण द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने से जवाब बन्द किया गया।

बहस एकतरफा सुनी गयी। हमने सम्पूर्ण पत्रावली का अवलोकन किया। प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया। सहखातेदारान मन्जु पत्नि प्रकाशचन्द्र के शपथ पत्र में प्रार्थीया का नाम रेकार्ड में सही किये जाने का निवेदन से एवं प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत स्वयं के शपथ पत्र से प्रार्थीया का नाम डिम्पल कुमारी पुत्री प्रकाश चन्द्र खटीक सही प्रतीत होता है, अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम उचनारखुर्द पटवार हल्का उचनारखुर्द तहसील कपासन के हाल जमाबंदी संवत 2074—2077 के खाता संख्या 220 होकर आराजी संख्या 946 रकबा 0.25 हैक्टर, आराजी संख्या 947 रकबा 0.26 हैक्टर, आराजी संख्या 948 रकबा 0.77 हैक्टर आराजी संख्या 949 रकबा 0.03 हैक्टर, आराजी संख्या 950 रकबा 1.10 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 2.41 हैक्टर स्थित है में दर्ज नाबालिग दीपा पुत्र प्रकाशचन्द्र जाति खटीक संरक्षक सरपरस्त माता मन्जु जाति खटीक के बजाय डिम्पल कुमारी पुत्री प्रकाश चन्द्र जाति खटीक दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है। रहन व शेष बदस्तुर रहें। तहसीलदार कपासन तदनुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन दर्ज करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर सरेइजलास में सुनाया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(राजेश सुवालका)
सहायक कलक्टर व
उपखण्ड अधिकारी कपासन